Date
Page

# पाठ- 2→ रूपा डरी नहीं

1 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

क) रूपा के क्या-क्या शौक थे?
⇒ रूपा को पढ़ने का बहुत शौक था। पढ़ाई के साथ-साथ वह खेल-कूद में भी चुस्त थी।

ख) रूपा कौन-सा खेल खेल रही थी?
⇒ रूपा मनीष और अन्य साथियों के साथ चोर-सिपाही का खेल खेल रही थी।

ग) मनीष के हाथ-पाँव किससे बँधे थे?
⇒ मनीष के हाथ-पाँव रस्सी से बँधे हुए थे और उसके मुँह पर कपड़ा बँधा हुआ था।

घ) मनीष को बँधा देख रूपा ने क्या किया?
⇒ मनीष को बँधा देख, रूपा एक पल के लिए सहम गई। फिर उसने अपना साहस बटोरकर मनीष के मुँह पर बँधा कपड़ा खोल दिया।

ङ) रूपा ने डाकू का मुकाबला कैसे किया?
⇒ जब एक डाकू ने रूपा के कंधे पर अचानक हाथ रखा तो रूपा डाकू के हाथ को ज़ोर से काटकर उसकी पकड़ से निकल भागी और एक पत्थर उठाकर

उसके सिर पर मारा जिससे वह डाकू ज़मीन पर गिर गया। उसके गिरने पर रूपा ने डंडे से उसकी खूब पिटाई की और मनीष की सहायता से उसे रस्सी से बाँध दिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

II पृष्ठ 17 में दिए गए अभ्यास क्रमांक 2, 3 पुस्तक में करवाए जाएँगे। (कक्षा कार्य)

III भाषा से...... (पृष्ठ 18)
अभ्यास क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5 पुस्तक में करवाए जाएँगे। (कक्षा कार्य)

IV वाक्य बनाइए। (कक्षा कार्य)

क) चुस्त ख) प्रशंसा ग) साहस घ) गिरफ़्तार

V अभ्यास पुस्तिका से -
पृष्ठ 7, 8, 9 में दिए गए अभ्यास क्रमांक 3, 4, 6 और 7(ख) कक्षा में करवाए जाएँगे।

VI गृह कार्य :
पृष्ठ 16 में दिए गए 'शब्द-अर्थ' को याद करके कॉपी में लिखिए।

12/3.

—x—

(3)

2. कहानी के अनुसार सही बात पर ✓ लगाओ—

क. रूपा की पढ़ाई में रुचि नहीं थी। ✓

ख. रूपा निडर और साहसी थी। ✓

ग. मनीष को किसी ने धक्का दिया। ✗

घ. रूपा ने डाकू की डंडे से पिटाई की। ✓

ङ. रूपा की फ़ोटो अखबार में छपी। ✓

च. डाकू का नाम रूपक था। ✗

3. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो— **complete the sentences**

रस्सी, गन्ने के खेत, समाचार-पत्रों, चौकन्नी, डाकू, गिरफ़्तार, डंडा, मनीष

क. रूपा मनीष को ढूँढ़ते हुए ......गन्ने के खेत...... में पहुँची।

ख. आदमी ......डंडा...... लेकर रूपा के पीछे भागा।

ग. रूपा और मनीष ने ......डाकू...... को ......रस्सी...... से बाँध दिया।

घ. पुलिस डाकू को ......गिरफ़्तार...... करना चाहती थी।

ङ. डाकुओं के पकड़े जाने की घटना ......समाचार-पत्रों...... में छपी।

च. रूपा ने भागकर ......मनीष...... की रस्सी खोली।

छ. समाचार सुनते ही पुलिस ......चौकन्नी...... हो गई।

## सोचकर लिखो—

रूपा जैसे साहसी बच्चों से आपको क्या प्रेरणा मिलती है? **Values- •boldness •courage**

(A)

## भाषा से...

**1. समानार्थक शब्द लिखो—** • synonyms

साहस — हिम्मत | आँख — नयन, नेत्र
हाथ — हस्त, कर | ठीक — सही
प्रशंसा — तारीफ़ | खून — रक्त

**2. संयुक्त व्यंजनों का प्रयोग समझो और दिए गए शब्दों से खाली स्थान भरो—** • clusters

पुस्तक, गन्ना, चम्मच, अन्न, मस्तक, हिम्मत, चुस्त, सम्मान, प्रसन्न

| (म्+म=म्म) | (न्+न=न्न) | (स्+त=स्त) |
|---|---|---|
| चम्मच | गन्ना | पुस्तक |
| हिम्मत | अन्न | मस्तक |
| सम्मान | प्रसन्न | चुस्त |

**3. र, रु और रू का अंतर समझो और इनसे शुरू होनेवाले दो-दो शब्द लिखो—** • र, रु, रू का अभ्यास

| र | रु | रू |
|---|---|---|
| रचना | रुपया | रूप |
| रस्सी | रुचि | अमरूद |
| राम | रुई | रूपा |

**4. पाठ में से पाँच नाम शब्द चुनकर लिखो—**

रूपा, चोर, रस्सी
लड़की, सिपाही

**सभी नाम शब्द संज्ञा कहलाते हैं।**

5. लिंग बदलो—



**शब्द के जिस रूप से उसके पुरुष या स्त्री जाति के होने का बोध हो, उसे लिंग कहते हैं।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लड़का | — | लड़की | धोबिन | — | धोबी |
| भाई | — | बहन | बालिका | — | बालक |
| आदमी | — | औरत | माता | — | पिता |
| राजा | — | रानी | अध्यापिका | — | अध्यापक |

## सुझावित रचनात्मक गतिविधियाँ

1. छब्बीस जनवरी की परेड के चित्रों का एक एलबम बनाओ।
2. 'समाचार-पत्र के लाभ' विषय पर कक्षा में चर्चा करो।

• album making
• observation
M.I.
• linguistic
• spatial

## पाठ से आगे

1. पुस्तकालय से साहसी बच्चों की कहानियाँ पढ़ो।
2. बच्चों की फ़िल्म 'हरी पुत्तर : ए कॉमेडी ऑफ़ टेरर्स' देखो। फ़िल्म की कहानी कक्षा में सुनाओ। *https://www.youtube.com*

## यह भी जानें

साहसी बच्चों को दिया जानेवाला राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार सर्वप्रथम हरीश मेहरा को दिया गया था।

आदमी ... अध्यापिका

# 2 रूपा डरी नहीं

सारांश—यह कहानी एक बहादुर और साहसी लड़की की है। उसने अपने साथी को डाकू से बचाया और गाँव में डाका डालने आनेवाले दूसरे डाकुओं को भी पकड़वा दिया।

1. नीचे लिखे वाक्य पढ़ो। सोचो, कहानी में पहले क्या हुआ, फिर क्या हुआ? उसी क्रम से वाक्यों की बाईं ओर खाली जगह में 1, 2, 3 आदि लिखो—

- [ ] डाकुओं के पकड़े जाने की घटना समाचार-पत्रों में छपी।
- [ ] रूपा एक पल के लिए सहम गई।
- [ ] पुलिस ने उन्हें गिरफ़्तार कर लिया।
- [ ] रूपा ने उस दुष्ट की पिटाई की।
- 1 रूपा मनीष को ढूँढ़ते हुए गन्ने के खेत में जा पहुँची।
- [ ] किसी ने रूपा के कंधे पर हाथ रखा।

2. हिंदी भाषा के किसी एक समाचार-पत्र का नाम लिखो—

..............................................................

3. शुद्ध उच्चारण करते हुए नीचे लिखे शब्द पढ़ो। ठीक शब्द चुनकर 'रु' और 'रू' के सामने लिखो—

रुचि, रूमाल, रूपा, रुपए, रूठना, रुई, ज़रूर, गुरु

रु ......रुचि...... रुपए ...... रुई ...... गुरु

रू ......रूमाल...... रूपा ...... रूठना ...... ज़रूर

4. सही उत्तर चुनकर ✓ लगाओ—

क. रूपा को किसका शौक था?

- [x] पढ़ने का
- [ ] बातें करने का
- [ ] लिखने का
- [ ] खाना बनाने का

ख. भागते हुए रूपा की नज़र किस पर पड़ी?

- [ ] तोते पर
- [x] पत्थर पर
- [ ] बच्चे पर
- [ ] डंडे पर

ग. मनीष किसको बुला लाया?

- [ ] पुलिस को
- [ ] पिता जी को
- [ ] मित्र को
- [x] गाँववालों को

घ. डाकू का नाम क्या था?

- [x] खचेरू
- [ ] मंगल
- [ ] रूपक
- [ ] मयंक

5. नीचे लिखे वाक्य शुद्ध करके लिखो—

क. मैं मेरी पुस्तक पढ़ता हूँ।

मैं अपनी पुस्तक पढ़ता हूँ।

ख. रूपा एक निडर लड़की था।

.........................................................................

ग. मेज़ पर दूध पड़ी है।

.........................................................................

घ. यह समाचार मिलते ही पुलिस चौकन्ना हो गए।

.........................................................................

(8)

6. शब्द को उसके सही अर्थ से मिलाओ—

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रशंसा | हिम्मत | रुचि | डरना |
| साहस | मदद | सहमना | तरीका |
| सहायता | बड़ाई | उपाय | पसंद |

7. क. चित्र बनाकर रंग भरो—

खेलना नाचना हँसना

ख. कोष्ठक में दिए शब्दों का लिंग बदलकर खाली स्थान भरो—

i. रूपा एक निडर लड़की थी। (लड़का)

ii. लड़का सीढ़ियों पर चढ़ रहा है। (लड़की)

iii. शिक्षक स्कूल में पढ़ा रहे हैं। (शिक्षिका)

iv. घोड़ा तेज़ दौड़ता है। (घोड़ी)

v. एक आदमी रूपा को पकड़ने दौड़ा। (औरत)

vi. धोबिन कपड़े धो रही है। (धोबी)

शब्द के जिस रूप से उसके पुरुष या स्त्री जाति के होने का बोध हो, उसे **लिंग** कहते हैं।

—x—